शहर-समाज

आज का पंचांग

पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

तिथि संवत् : द्वितीय ज्येष्ठ (शुद्ध), शुक्ल पक्ष पंचमी, शुक्रवार सायं 05:00 तक रहेगी, विक्रम संवत् 2083, शाके 1948, हिजरी 1448, मुस्लिम माह मुहर्रम, तारीख 3, सूर्य उत्तरायण, ग्रीष्म ऋतु, 19 जून।

सूर्योदय कालीन नक्षत्र : अश्लेषा नक्षत्र प्रातः 10:07 तक, इसके बाद मघा नक्षत्र रहेगा। हर्षण योग दोपहर 02:53 तक, इसके बाद वज्र योग रहेगा। बव करण प्रातः 05:59 तक, इसके बाद बालव करण रहेगा।

ग्रह विचार (प्रातः 05:30) : सूर्य-मिथुन, चंद्र-कर्क, मंगल-मेष, बुध-मिथुन, गुरु-कर्क, शुक्र-कर्क, शनि-मीन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह राशि में स्थित है।

राहुकाल : प्रातः 10:30 से 12:00 तक रहेगा।

दिशाशूल : पश्चिम दिशा – यदि जरूरी हो तो इलायची खाकर यात्रा कर सकते हैं।

शुभाशुभ ज्ञानम् : श्रुति पंचमी जैन, महादेव विवाह उड़ीसा, विवाह मुहूर्त मघा में, गंडमूल संपूर्ण दिनरात।

चौघड़िया मुहूर्त : प्रातः 05:37 से 07:20 तक चर का, प्रातः 07:20 से 10:45 तक लाभ व अमृत का, दोपहर 12:28 से 02:11 तक शुभ का, सायं 05:36 से 07:19 तक चर का चौघड़िया रहेगा।

आज विशेष : आज शुक्रवार को सफेद वस्तुओं का दान करें, गरीब बच्चों को आइसक्रीम अथवा खीर खिलाएं। चिड़ियों को चावल का चुग्गा डालें तो शुक्रग्रह जनित पीड़ा दूर होती है। आज हर्षण योग में सोने का दान करना शुभ फलदायक होता है।

आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि

समय	नक्षत्र	चरण	पाया	राशि	नामाक्षर
05:37	अश्लेषा	4	रजत	कर्क	डो
10:07	मघा	1	रजत	सिंह	म
15:52	मघा	2	रजत	सिंह	मी
21:40	मघा	3	रजत	सिंह	मू
03:32	मघा	4	रजत	सिंह	मे

राशिफल — वृष वालों की सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी, तुला वाले धार्मिक कार्यों पर खर्च करेंगे

मेष — शुभ अंक 4, शुभ रंग भूरा : बिखरे कार्यों को समेटने में सफलता मिलेगी। झूठ बोलने से बचें, अन्यथा मुसीबत में पड़ सकते हैं। जमीन-जायदाद के मामले सुलझने से राहत मिलेगी। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

वृष — शुभ अंक 2, शुभ रंग काला : नए काम में शुरुआती सफलता मिलेगी। मित्रों से मुलाकात के अवसर मिलेंगे। सहयोगी गुमराह करने की कोशिश कर सकते हैं। सामाजिक जीवन में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अनहोनी का भय बना रहेगा।

मिथुन — शुभ अंक 6, शुभ रंग हरा : जिस काम में नुकसान की आशंका थी, वहां अच्छा लाभ मिलेगा। व्यापारिक सौदे भी फायदेमंद रहेंगे। विरोधियों की टिप्पणियों से मन अशांत रहेगा। जल्दबाजी में लिए फैसले बदलने पड़ेंगे।

कर्क — शुभ अंक 7, शुभ रंग नीला : नए संपर्क भाग्योदय में सहायक सिद्ध होंगे। प्रियजन के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रह सकती है। समय पर काम पूरा न करने से अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। धैर्य रखें।

सिंह — शुभ अंक 8, शुभ रंग बादामी : दुविधा प्रगति में बाधक बन सकती है। वैभव के साधनों पर अनावश्यक खर्च संभव है। युवा अध्ययन में बाधा महसूस करेंगे। अधिक भावुकता के कारण आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है।

कन्या — शुभ अंक 5, शुभ रंग लाल : कार्यस्थल पर सहयोगियों का पूरा साथ बना रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए आप बड़ा जोखिम उठाने को तैयार रहेंगे। कारोबारी मामलों में सोच-समझकर ही फैसला लें, अन्यथा नुकसान संभव है।

तुला — शुभ अंक 2, शुभ रंग पीला : व्यापारिक विस्तार की रूपरेखा बनेगी। रुके हुए कार्यों के पूरा होने के प्रबल योग हैं। धार्मिक खर्च संभव है। मित्रों से मुलाकात होगी। उपलब्धियों को परिवार से साझा करके खुशी मिलेगी।

वृश्चिक — शुभ अंक 1, शुभ रंग नारंगी : युवाओं की साहसिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। कुछ लोग आपके काम में कमियां निकालने का प्रयास करेंगे। विरोधियों की चालों को देखते हुए इस समय अत्यधिक सतर्क रहने की जरूरत है।

धनु — शुभ अंक 3, शुभ रंग स्लेटी: आलोचनाओं से घबराने की बजाय आप उनका डटकर मुकाबला करेंगे। विरोधी प्रबल हो सकते हैं। बाहरी व्यक्ति से आपका अत्यधिक जुड़ाव पारिवारिक मतभेद का कारण बन सकता है।

मकर — शुभ अंक 9, शुभ रंग गुलाबी : कामकाज में आ रही बाधाएं दूर होंगी। अधिकारियों से मेलजोल आपकी तरक्की में सहायक रहेगा। राजकीय व सरकारी मामलों में आपका पक्ष मजबूत हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

कुंभ — शुभ अंक 6, शुभ रंग आसमानी : किसी बात को लेकर परेशान रहेंगे। सही समय पर सही फैसला लेने से किसी बड़ी मुश्किल से बच जाएंगे। विवादास्पद मसलों को आप बातचीत से हल करना पसंद करेंगे। यात्रा के योग हैं।

मीन — शुभ अंक 8, शुभ रंग जामुनी : निजी मामलों में बाहरी हस्तक्षेप से समस्याएं बढ़ सकती हैं। खुद के फैसले स्वयं लें। अत्यधिक दौड़धूप के कारण सेहत बिगड़ने की आशंका है। धन संबंधी मामलों में पूरी सावधानी बरतें।

धर्म • सेंवढ़ा में कलश यात्रा के साथ कथा शुरू, घटिया वाले हनुमान मंदिर पर 22 से होगी भागवत

भागवत सही मार्गदर्शन देने वाली कथा : पं. दुबे

भास्कर संवाददाता | सेंवढ़ा

नगर के वार्ड क्रमांक-2 स्थित परिहार मोहल्ला में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। सन्कुआं धाम से प्रारंभ हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने सहभागिता की। कलश स्थापना के बाद पं. सीताशरण दुबे ने भागवत का महत्व बताया व कहा कि भागवत की कथा मनुष्य के जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक है।

कलश यात्रा से पूर्व सन्कुआं धाम पर विधि-विधान के साथ कलश पूजन एवं देवताओं का आवाहन किया गया। इसके बाद पीले वस्त्र धारण किए महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर यात्रा का शुभारंभ किया। ढोल, नगाड़ों और डीजे पर बज रहे भक्ति संगीत के बीच श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। यात्रा में शामिल महिला-पुरुष भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए, जिससे पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा सन्कुआं धाम से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग, शुक्राचार्य मठ, सरस्वती मंदिर, गोस्वामी मोहल्ला, नागिल मोहल्ला, न्यू मार्केट, बस स्टैंड, ज्वार मर्दन मंदिर, सदर बाजार सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई वार्ड क्रमांक-2 स्थित कथा स्थल पहुंची। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। देर शाम लगभग 7 बजे कलश यात्रा कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में क्षत्रिय समाज संगठन से जुड़े पदाधिकारी, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य भी शामिल हुए। बड़ी संख्या में नगरवासियों ने यात्रा में शामिल होकर धार्मिक आयोजन के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कथा स्थल पर पूजन के बाद कथा शुरू हुई।

कलश यात्रा का दृश्य जिसमें कथा व्यास रथ पर सवार होकर निकले व कलश लिए महिलाएं।

मानव जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाली है यह कथा

कलश यात्रा के उपरांत कथा स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद कथा व्यास पंडित सीताशरण दुबे महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस भागवत महात्म्य का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शक है। कथा श्रवण से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है तथा उसे धर्म, भक्ति और सदाचार का मार्ग प्राप्त होता है।

कथाव्यास ने कहा कि कलियुग में भगवान की प्राप्ति का सबसे सरल साधन नाम-स्मरण और कथा श्रवण है। श्रीमद्भागवत का श्रवण करने से मन की अशांति दूर होती है और व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि का आगमन होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कथा को केवल सुनने तक सीमित न रखते हुए उसके संदेशों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति भाव से कथा का रसपान किया।

सात दिन बहेगी कथा की रसधारा

श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत प्रतिदिन अलग-अलग प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। 19 जून को भागवत महात्म्य, राजा परीक्षित प्रसंग एवं कथा का शुभारंभ होगा। 20 जून को ध्रुव चरित्र और भक्ति की महिमा का वर्णन किया जाएगा। 21 जून को भक्त प्रह्लाद की अटूट श्रद्धा तथा भगवान नरसिंह अवतार की कथा सुनाई जाएगी। 22 जून को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। 23 जून को गोवर्धन पूजा, माखन चोरी एवं बाल लीलाओं का वर्णन होगा। 24 जून को भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह का दिव्य प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा। 25 जून को सुदामा चरित्र, राजा परीक्षित मोक्ष तथा कथा विश्राम होगा, जबकि 26 जून को पूर्णाहुति, कन्या भोज एवं विशाल भंडारे के साथ आयोजन संपन्न होगा।

घटिया वाले हनुमान पर 22 से कथा

मंगरौल की घटिया स्थित श्री घटिया वाले हनुमान जी सरकार के स्थान पर 22 जून से श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में तैयारियां शुरू हो गई हैं तथा श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। आयोजन समिति के अनुसार सोमवार 22 जून को श्री गणेश पूजन के साथ कथा का शुभारंभ होगा। कथा का वाचन कथा व्यास पंडित हरिओम अरजरिया द्वारा किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा श्रवण का अवसर मिलेगा।

सिंध के किनारे वन विभाग परिसर में किया पौधरोपण

सेंवढ़ा| विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत वन विभाग अनुभाग सेंवढ़ा द्वारा गुरुवार को सिंध नदी के समीप पहाड़ी पर स्थित वन विभाग परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं वन विभाग के अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रदीप अग्रवाल उपस्थित रहे। उनके साथ सेवढ़ा मंडल अध्यक्ष मुकेश चौधरी, राजीव सिंह गुर्जर, कमलेश गुप्ता, राजपाल सिंह गुर्जर एवं पवन पाठक सहित कई जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। प्रशासन की ओर से एसडीएम अशोक अवस्थी, एसडीओपी अजय चनना, तहसीलदार राजेंद्र सिंह जाटव, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रीति जाटव, बीआरसी आशीष मौजूद थे।

तीन शिविर आज से प्रारंभ

पिछोर| अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गहोई वैश्य समाज महिला मंडल द्वारा गहोई धर्मशाला प्रांगण में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में महिलाओं को योग के महत्व, स्वास्थ्य लाभ एवं विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय योग प्रशिक्षक डॉ. रश्मि चौधरी द्वारा तीनों दिनों तक योग की विधा सिखाएंगे।

समाज-संस्था ब्रीफ

बावरी सरकार मंदिर में किया सुंदरकांड पाठ

इंदरगढ़| नगर के प्रसिद्ध बावरी सरकार मंदिर परिसर में गुरुवार को पुष्य नक्षत्र के शुभ अवसर पर विप्र बंधुओं द्वारा श्रद्धा और भक्ति के साथ सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान श्रीराम तथा हनुमान जी की आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से राम दरबार और हनुमान जी की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद विप्र बंधुओं ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया। सुंदरकांड के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालु पूरे मनोयोग से पाठ में शामिल हुए और हनुमान जी के भजनों तथा चौपाइयों का श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया। पाठ के दौरान समय-समय पर जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजता रहा। सुंदरकांड पाठ पूर्ण होने के पश्चात सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए उनके चरणों में प्रार्थना अर्पित की।

मोहर्रम भाईचारे व शांति के साथ मनाएं : शर्मा

इंदरगढ़| आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ए संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को इंदरगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी गौरव शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि त्योहार भाईचारे व शांति से मनाएं। इस दौरान हिंदू एवं मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर पर्व से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की तथा प्रशासन के समक्ष अपने सुझाव रखे। बैठक में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि मोहर्रम के दौरान ताजिया एवं बुर्राक जुलूस निकाले जाएंगे, इसलिए विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। उन्होंने मांग की कि जुलूस के समय बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर मौजूद रहें तथा जिन स्थानों पर विद्युत केबल नीचे लटकी हुई हैं, उन्हें ऊंचा कराया जाए। साथ ही जर्जर एवं क्षतिग्रस्त विद्युत तारों को बदला जाए ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। इसके अलावा नगर परिषद से जुलूस मार्गों पर साफ-सफाई कराने और खराब रास्तों की मरम्मत कराने की मांग भी की गई। बैठक में मोहर्रम कार्यक्रमों की रूपरेखा भी साझा की गई। जानकारी के अनुसार 23 जून को आलम निकाला जाएगा।

रानी लक्ष्मीबाई नारी शक्ति और स्वाभिमान की प्रतीक : पिरोनिया

रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपाई।

भास्कर संवाददाता | भांडेर

ग्राम दुरसड़ा में वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भांडेर के पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता घनश्याम पिरौनिया ने रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सभा को संबोधित करते हुए पिरौनिया ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई केवल एक वीरांगना नहीं, बल्कि भारत की अस्मिता, स्वाभिमान और नारी शक्ति की जीवंत प्रतीक हैं। उन्होंने अपने साहस, त्याग और देशभक्ति से यह सिद्ध किया कि मातृभूमि की रक्षा के लिए दिया गया सर्वोच्च बलिदान भी छोटा होता है। उन्होंने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई का संघर्ष और बलिदान आज भी युवाओं एवं महिलाओं को अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़े होने और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है। देश की स्वतंत्रता के इतिहास में उनका योगदान सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह दांगी, मंडल महामंत्री एवं सरपंच पंकज पांडे, मंडल महामंत्री सौग्राम यादव सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर वीरांगना के अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान उपस्थित लोगों ने रानी लक्ष्मीबाई के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही।

भांडेर में लगेगी महाराज छत्रसाल की आदमकद प्रतिमा

भांडेर| विरासत बचाओ मंच दतिया के तत्वावधान में भांडेर स्थित संस्कृति विहार गार्डन में महाराज छत्रसाल जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बुंदेलखंड के गौरव महाराज छत्रसाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

समारोह के प्रमुख वक्ता प्रणामी संप्रदाय के राधाकृष्ण मंदिर के महंत गोविंद विहारीजी ने कहा कि महाराज छत्रसाल ने बुंदेलखंड की धरती पर नई चेतना का संचार किया था और उनके बिना बुंदेलखंड के इतिहास की चर्चा अधूरी है। उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि नगर की धामी की बगिया में जल्द ही एक पार्क विकसित किया जाएगा, जहां महाराज छत्रसाल की आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाएगी। प्रतिमा निर्माण एवं स्थापना पर लगभग 8 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है।

भांडेर में महाराज क्षत्रसाल जयंती समारोह के आयोजन में मौजूद लोग।

मुख्य अतिथि एवं विरासत बचाओ मंच दतिया के अध्यक्ष रवींद्र सत्यार्थी ने कहा कि महाराज छत्रसाल केवल वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि संवेदनशील कवि भी थे। उन्होंने कवि भूषण की पालकी में कंधा लगाकर साहित्य और कवि समाज का सम्मान बढ़ाया था। विशिष्ट अतिथि एवं विचारक माता प्रसाद दुबे ने महाराज छत्रसाल को बुंदेलखंड की कला, संस्कृति और स्वाभिमान का प्रतीक बताया। वरिष्ठ कवि राधाकृष्ण पाठक ने कविवर घासीराम व्यास की कविता का उल्लेख करते हुए उन्हें बुंदेलखंड की ठसक और गौरव का रक्षक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी चंद्रप्रकाश चौधरी ने की। समारोह में विद्या प्रसाद चौधरी, बसंत सोनी, रामकिशोर अग्रवाल, लालजी योगी सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। संचालन लालजी योगी ने किया।

नियमित योग स्वस्थ जीवन का आधार

भास्कर संवाददाता | दतिया

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 15 जून से 21 जून तक जिला एवं उप जेलों में सप्ताह व्यापी योग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को अभियान के तृतीय दिवस पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय चंद्र ने जिला जेल दतिया पहुंचकर योग शिविर में सहभागिता की।

उन्होंने बंदियों को योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी देते हुए प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित योग स्वस्थ जीवन का आधार है। योग तनाव मुक्ति, आत्मानुशासन तथा सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का प्रभावी माध्यम है। कारागारों में योग के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और पुनर्वास की दिशा में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जा सकता है। योग शिविर के उपरांत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला जेल की सभी बैरकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल की मेडिकल डिस्पेंसरी एवं पाठशाला का भी अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश वसुनिया, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निधि पिंटो और जेल अधीक्षक ओपी पांडे उपस्थित रहे।

दतिया जेल का निरीक्षण कर कैदियों से चर्चा करते न्यायाधीश।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

बैंक ऑफ़ बड़ौदा

अंचल दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, प्रयागराज 19–ए, द्वारिका भवन, प्रथम तल, टैगोर टाउन, प्रयागराज

ई- नीलामी सूचना

अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए सूचना
"परिशिष्ट"- IV-ए [नियम 8(6) एवं नियम 9(1) के परंतुक को देखें]
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं नियम 9(1) के परंतुक के तहत ई- नीलामी बिक्री सूचना

एतत्द्वारा जनसाधारण एवं ऋणी तथा जमानतकर्ता को विशेष रुप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभारयुक्त सम्पत्ति को, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक 22.02.2023 को **सांकेतिक कब्जे** में लिया गया है, को बैंक के निम्नलिखित खाते के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **"जो है जहाँ है, जो है जैसे है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। ऋणी/जमानतकर्ता/प्रतिभूति आस्ति/देय/ आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (इएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है-

ई- नीलामी की तिथि एवं समय - 07.07.2026 समयः 02:00 PM से 06:00 PM

ई.एम.डी. जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय - 06.07.2026 समयः 04:00 PM तक

क्र० सं०	ऋणियों/ जमानतकर्ताओं का नाम एवं पता	अचल सम्पत्तियों का विवरण	कुल बकाया राशि	ई- नीलामी की तिथि एवं समय	आरक्षित धनराशि/ अग्रिम धनराशि/ बिड बढ़ोत्तरी राशि	कब्जा की स्थिति (रचनात्मक/ भौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण करने के लिए तिथि एवं समय
1.	**मेसर्स सिद्धेश्वर कंस्ट्रक्शन कंपनी पार्टनर- (1) श्री बीपेंद्र सिंह यादव** पुत्र श्री जीतेंद्र सिंह यादव, पंजीकृत कार्यालय - पंचशील नगर, एफसीआई बिल्डिंग के पीछे, सिविल लाइन्स, दतिया - (म0प्र0) पिन नंबर -475661 **मेसर्स सिद्धेश्वर कंस्ट्रक्शन कंपनी पार्टनर- (2) श्री मुकेश शर्मा** पुत्र श्री घनश्याम शर्मा, पंजीकृत कार्यालय - पंचशील नगर, एफसीआई बिल्डिंग के पीछे, सिविल लाइंस, दतिया - (म.प्र.) पिन नंबर-475661 **श्री बीपेंद्र सिंह यादव** पुत्र श्री जीतेंद्र सिंह यादव **(पार्टनर)**, पंचशील नगर, गली नंबर 4, एफसीआई बिल्डिंग के पीछे, सिविल लाइंस, दतिया - (म.प्र.) पिन नंबर -475661 **श्री मुकेश शर्मा** पुत्र श्री घनश्याम शर्मा **(पार्टनर)**, हनुमान गढ़ी के पास, कृष्ण पुरी, राजघाट कॉलोनी, दतिया - (म.प्र.) पिन नं-475661 **जमानतकर्ताः- (1) श्रीमती मंजू** पत्नी गिरिराज भाटी, सेक्टर 59, ग्राम बेहरामपुर, बेहरामपुर (80), गुरुग्राम- हरियाणा पिन नंबर 122101 **(2) श्रीमती प्रभा सिंह** पत्नी श्री जीतेंद्र सिंह, पंचशील नगर, गली नंबर 4, एफसीआई बिल्डिंग के पीछे, सिविल लाइंस, दतिया-(म.प्र.) पिन नंबर-475661 **(3) श्री श्याम सुंदर सिंह** पुत्र घाना राम, 175, पारीछा, झांसी, उत्तर प्रदेश- 284121 **(4) श्री जीतेंद्र सिंह** पुत्र श्री ठाकुर दास पंचशील नगर, गली नंबर 4, एफसीआई बिल्डिंग के पीछे, सिविल लाइंस, दतिया - (म.प्र.) पिन नंबर-475661	**संपत्ति संख्या 1 :** साम्यिक बंधक आवासीय प्लाट सर्वे संख्या 22224/2898, गिर्द दतिया, वार्ड नंबर 1, तहसील और जिला दतिया में आवासीय मकान नंबर 713 में जोकि श्री जितेंद्र सिंह यादव के नाम से निर्मित है तथा मोहल्ला पंचशील नगर, दतिया में स्थित है। **क्षेत्रफल** - 1472 वर्ग फिट **चौहद्दी उत्तर-** 18'-0' चौड़ी सड़क **दक्षिण -** पंचू बागला की भूमि **पूरब-** सड़क **पश्चिम -** विक्रेता की भूमि **संपत्ति संख्या 2 -** साम्यिक बंधक व्यवसायिक प्लाट सर्वे संख्या 87/4 जोकि मौजा बघेधारी सनी, हल्का खमेरा, रा.नि.म. उडगुवा, तहसील और जिला दतिया (म.प्र.) में श्रीमती प्रभा यादव पत्नी श्री जितेंद्र सिंह यादव के नाम से स्थित है। जिसका क्षेत्रफल 11.350 हेक्टेयर (यानी 113500 वर्ग मीटर) है। **चौहद्दी-पूरब-**सरकारी भूमि और रास्ता, **पश्चिम** बागला की भूमि **उत्तर-** वैदेही वल्लभ शरण की भूमि **दक्षिण -** सरकारी भूमि(पहाड़ी)	दिनांक- 17.06.2026 तक **रु. 18,02,02,883.80** + ब्याज एवं अन्य खर्चे दिनांक- 18.06.2026 से प्रभावी	दिनांकः 07.07.2026 समयः 02:00 PM से 6:00 PM	संपत्ति सं.-1 रु. 60,75,000/- (आरक्षित मूल्य) रु.6,07,500/- (अग्रिम धनराशि) रु.1,00,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि) संपत्ति सं. -2 रु. 6,77,16,000/- (आरक्षित मूल्य) रु.67,71,600/- (अग्रिम धनराशि) रु.1,00,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	22.06.2026 से 04.07.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM

नोट-माननीय डीआरटी, इलाहाबाद के समक्ष ऋणी द्वारा एस. ए. दायर किया गया लेकिन अभी तक उक्त सम्पत्तियों पर कोई स्थगन/निरोधक आदेश नहीं है।
भार-ज्ञात नहीं

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बैंक ऑफ बड़ौदा की वेबसाईट का अवलोकन करें:- **https://www.bankofbaroda.in/e-auction** एवं ऑनलाइन ऑक्सन पोर्टल **Baanknet.com** बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल नं0- 9451845259, 9909229922से सम्पर्क करें।

दिनांक : 17.06.2026 स्थानः प्रयागराज प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा